प्रधानमंत्री ने औरंगाबाद में किया पहले स्मार्ट औद्योगिक शहर का उद्घाटन

औरंगाबाद, 7 सितंबर (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां शनिवार को औरंगाबाद औद्योगिक शहर (औरिक) का उद्घाटन किया। यह देश का पहला नया स्मार्ट औद्योगिक शहर है और 10 हजार एकड़ में फैला हुआ है। यह दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गालियारे का हिस्सा है। उन्होंने छह मंजिले औरिक हॉल का भी उद्घाटन किया। यह भवन स्मार्ट शहर की निगरानी और प्रशासन का केंद्र होगा। उन्होंने औरिक चैटबॉट की भी शुरुआत की, जो शहर के किसी भी व्यक्ति को प्रशासन से अपनी समस्या सही करवाने में मदद करेगा।

महाराष्ट्र के पिछड़े मराठवाड़ा क्षेत्र में विकसित इस शहर को देश का पहला नया स्मार्ट औद्योगिक शहर बताया जा रहा है। इसे दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे के तहत विकसित किया गया है। सरकार इस गलियारे के जरिए देश के दो बड़े शहरों के बीच औद्योगिक वृद्धि को तेज करने की कोशिश कर रही है।

मोदी मुंबई से यहां आए। उन्होंने महिला स्वयंसेवी समूहों द्वारा तैयार हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी की भी यात्रा की। प्रदेश के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राज्य की मंत्री पंकजा मुंडे भी मोदी के साथ रहीं। प्रधानमंत्री ने उज्ज्वला योजना के तहत आठ करोड़वीं लाभार्थी आयशा शेख रफीक को एलपीजी कनेक्शन भी दिया। उन्होंने कश्मीर की नरगिस बेगम को भी एलपीजी कनेक्शन दिया। वह अधिकारियों द्वारा कश्मीर घाटी से यहां लाई गई थीं।

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
अंचल क्रार्यालयः विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010

ई-नीलामी बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित सुरक्षित हित (प्रवर्तन)नियम 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के अंतर्गत 'ई-नीलामी' द्वारा अचल सम्पत्तियों की बिकी सूचना

EMD प्राप्त होने की अंतिम तिथि 21-10-2019 सांय 5 बजें तक

नीलामी की तिथि व समय : 22-10-2019 पूर्वाहन 11-30 से अपराहन 12-30 बजे तक

ऋणी व जमानतकर्ता को विशेष रूप से व सर्वसाधारण को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित सुरक्षित ऋण प्रदाता बैंक द्वारा बंधक /प्रभारित अचल सम्पत्ति का कैनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रलक्षित (Constructive)/भौतिक कब्जा लिया गया है। बंधक सम्पत्ति की बिकी (जो है,जहॉ है,जैसी है एवं जैसी भी स्थिति में है) के आधार पर दिनांक 22-10-2019 को की जायेगी।

लॉट सं. (1)	ऋणी/गारन्टर/बंधककर्ता का नाम एवं पता (2)	सम्पत्ति का विवरण (3)	कुल देनदारिया / धरोहर राशि का खाता विवरण (4)	आरक्षित मूल्य (रु.) (5) / धरोहर राशि जमा (EMD)	व्यक्ति से सम्पर्क के लिए मोबाईल नं0
(1)	1. **मैसर्स सोना इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोपराइटर श्री मोहम्मद आदिल पुत्र श्री रईस अहमद**, नई बस्ती नई सराय, धामपुर जिला बिजनौर 2. **श्री रहमतुल्ला पुत्र श्री सिराजुदीन**, अहमद अली रोड मौहल्ला बंदुकचियान, धामपुर, जिला बिजनौर	आवासीय मकान स्थित ग्राम-मौजमपुर जैथरा (अंशिक), धामपुर, जिला बिजनौर, क्षेत्रफल 84.22 वर्गमीटर सम्पत्ति श्री रहमतुल्लाह के नाम पर। सीमाऐं- पूर्व : रास्ता, पश्चिमः वारिसन बशरुदीन की संपति (कार्यशाला), उत्तरः रशीदा और अय्यूब का मकान, दक्षिणः अनीस का मकान	रू 1525663.00 + ब्याज एवं अन्य खर्चे 01.09.2014 से A/c No. 2165296000001 IFSC :CNRB0002165	रू 1259000.00 रू 125900.00	प्रबंधक केनरा बैंक, धामपुर शाखा फोनः 01344-234028 मो0 संख्या 9456591401

बिक्री के नियम व शर्तो की विस्तृत जानकारी कैनरा बैंक की वैबसाईट (www.canara bank.com) पर उपलब्ध है अथवा उपर्युक्त शाखा के द्वारा शाखा प्रबंधक से किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय समय मे सम्पर्क करें।

दिनांक :- 07.09.2019, प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

मोदी ने किया 21वीं सदी के शहर बनाने का आह्वान

प्रधानमंत्री ने मुंबई में तीन नई मेट्रो लाइनों की आधारशिला रखी

मुंबई, 7 सितंबर (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को पाने के लिए देश के शहरों को 21वीं सदी की दुनिया के मुताबिक बनाने की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने मुंबई में शनिवार को 19,000 करोड़ रुपए की तीन नई मेट्रो लाइनों की आधारशिला रखी। साथ ही महानगर में बहुमंजिले मेट्रो भवन का शिलान्यास किया। मोदी ने कांदिवली पूर्व में बांडोगरी मेट्रो स्टेशन का भी उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर मुंबई में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शहरों में आधुनिक सुविधाओं के विकास की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें आवागमन व संपर्क, उत्पादकता, पर्यावरण की दृष्टि से स्वस्थ विकास और सुरक्षा को लेकर उठ रही चिंताओं का समाधान करने वाली प्रणालियों का सृजन करना होगा।

मुंबई में नियोजित नई लाइनों में 4,476 करोड़ रुपए की लागत से 9.2 किलोमीटर की गायमुख-शिवाजी चौक (मीरा रोड) मेट्रो-10 कॉरिडोर, 12.8 किलोमीटर वाला वडाला-सीएसटी मेट्रो-11 कॉरिडोर (8,739 करोड़ रुपए) और 20.7 किलोमीटर कल्याण-तलोजा मेट्रो-12 कॉरिडोर (5,865 करोड़ रुपए) शामिल हैं। इन नई लाइनों का काम 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। 14 मेट्रो लाइनों वाले प्रस्तावित 337 किलोमीटर के मेट्रो नेटवर्क के दायरे में पूरा मुंबई महानगर क्षेत्र आएगा। उन्होंने अपने मुंबई कार्यक्रम की शुरुआत परेल इलाके में एक गणेश मंडप के दर्शन के साथ की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे नई मेट्रो लाइनें हों, मेट्रो भवन या फिर बीकेसी ब्रिज, ये सभी लोगों के जीवन को आसान बनाने के मकसद से बनाए जा रहे हैं। उन्होंने मुंबई में विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को बधाई दी। मोदी ने कहा- मुंबई ऐसा शहर है, जिसने पूरे देश को गति दी है। देश का हर नागरिक इस शहर से प्यार करता है। हमने पिछले पांच सालों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को विकसित करने के लिए कई प्रयास किए हैं। कुछ साल पहले तक क्या कोई सोच सकता था कि यहां नए हवाई अड्डे, ट्रांस हार्बर लिंक और बुलेट ट्रेन समेत नई बड़ी परियोजना का काम इतनी तेजी से शुरू हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि हमने अगले पांच साल में देशभर में बुनियादी ढांचे पर सौ लाख करोड़ रुपए खर्च करने की योजना बनाई है। हम मुंबई के साथ अन्य शहरों को भी विकसित करना चाहते हैं। पिछले पांच सालों में मुंबई में विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर डेढ़ लाख करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। अब हम देश में मेट्रो के डिब्बे बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि परिचालित और विकसित की जा रही मेट्रो परियोजनाओं से करीब 10,000 इंजीनियरों और 40,000 कुशल व अकुशल कामगारों को रोजगार मिलेगा। प्रधानमंत्री ने देश में निर्मित मेट्रो कोच (डिब्बे) को भी पेश किया। बंगलुरु स्थित संयंत्र में भारत अर्थ मूवर्स ने इसे मात्र 75 दिनों में तैयार किया है। मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को 500 कोच की आपूर्ति की जाएगी।

मोदी ने कहा कि पहली मेट्रो लाइन 35 साल पहले कलकत्ता में विकसित की गई थी। आज हमारे पास 27 शहरों में करीब 675 किलोमीटर की मेट्रो लाइन है, जिन पर परिचालन हो रहा है। इसमें से 400 किमी लाइनों का परिचालन पिछले पांच साल में शुरू हुआ। करीब 850 किमी की मेट्रो लाइनें निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं।

पूर्वी दिल्ली नगर निगम
(अभियौंत्रिकी विभाग)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता-एम-III, शाहदरा दक्षिण,
स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली-110092

निविदा आमंत्रण सूचना

सं.: ईडीएमसी/ई.ई.-(एम)-III/शाह.(एस)/टीसी/2019-20/15 दिनांक: 05.09.2019

ईडीएमसी द्वारा निम्नलिखित कार्यो के निष्पादन हेतु स्वीकृत व पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर ऑनलाइन टेंडरिंग हेतु निविदाएँ आमंत्रित हैं तथा जो टाइमटेबल के अनुसार प्राप्त की जाएँगी :

1. निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि : 19.09.2019 को 12.00 बजे
2. बोली तैयार करने की अंतिम तिथि : 19.09.2019 को 14.00 बजे
3. बोली बन्द होने की अंतिम तिथि : 19.09.2019 को 14.00 बजे से 16.00 बजे तक
4. ऑनलाइन की री-इंक्रिप्शन की तिथि : 19.09.2019 को 16.00 बजे से 20.09.2019 को 14.00 बजे तक
5. वित्तीय बोली खुलने की तिथि : 20.09.2019 को 14.05 बजे

क्र. सं.	कार्य का नाम	निविदा राशि (रु.)	धरोहर राशि (रु.)	निविदा संख्या
1.	मयूर विहार फेज-I में वार्ड सं. 01ई/209 एसी-55 शाह. (एस) में बी/डब्ल्यू के प्रावधान द्वारा आईटीआई कॉलेज से शशि गार्डन मयूर विहार फेज-I तक मयूर विहार फेज-I पॉकेट V की चारदीवारी का सुधार, विकास।	1,56,73,633/-	3,13,450/-	316173
2.	मयूर विहार फेज-I में वार्ड सं. 01ई/209 एसी-55 शाह. (एस) में मयूर विहार फेज-I पॉकेट-I में बी/डब्ल्यू के प्रावधान द्वारा विभिन्न टॉट-लैट्स (Tot-Lats) पर एमएस ग्रिलों तथा विकेट गेटों का पी/एफ।	1,66,19,360/-	3,32,400/-	316174
3.	वार्ड सं. 007-ई (215), शाह. (एस) जोन में पॉकेट-6 मिक्स हाउसिंग फ्लैट्स की सड़क तथा ड्रेनों का सुधार, विकास।	2,14,91,224/-	4,29,800/-	316175
4.	वार्ड सं. 08 ई/213 एसी-56 शाह. (एस) जोन में आरएमसी के प्रावधान द्वारा बीI-2 खिचड़ीपुर दिल्ली सरकार डिस्पेंसरी से बीI-10 खिचड़ीपुर मंगल बाजार रोड (पीडब्ल्यूडी) तक सड़क का सुधार/विकास।	80,68,692/-	1,61,350/-	316176
5.	वार्ड सं. 008-ई (213) एसी-56, शाह. (एस) जोन में आरएमसी के प्रावधान द्वारा ब्लॉक-15, कल्याणपुरी, कोटला मेन रोड से ब्लॉक-17 कल्याणपुरी जेजे क्लस्टर, ब्लॉक-11 मेन रोड कोटला से ब्लॉक-14 जेजे क्लस्टर तथा ब्लॉक-16 व 11 कल्याणपुरी के साथ ईडीएमसी प्राथमिक विद्यालय के सामने तक सड़क का सुधार, विकास।	1,58,03,581/-	3,16,050/-	316177

लेखा शीर्षक : XL-VIII-X (TYADB) क्र.सं. 1 से 4 हेतु, XL-VIII-S-(iii) (SC/ST) क्र.सं. 5 हेतु; परिपूर्णन अवधि : 04 माह, प्रत्येक क्र.सं. 1 से 3 हेतु, 03 माह प्रत्येक, क्र.सं. 4 व 5 हेतु; निविदा का मूल्य : रु. 1,500/- प्रत्येक, क्र.सं. 1, 2 व 5 हेतु, रु. 2,000/- क्र.सं. 3 हेतु, रु. 1,000/- क्र.सं. 4 हेतु।

निविदा मूल्य एवं धरोहर राशि हेतु डिमाण्ड ड्राफ्ट कार्यालय एस.ई.-II-शाहदरा (दक्षिण), तृतीय तल, जोनल ऑफिस बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली-110092 में जमा करने होंगे। दरें छः माह हेतु वैध होंगी। विस्तृत एनआईटी निम्नलिखित वेबसाइट से अथवा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में देखी जा सकती है। http://engineering.mcdetenders.com, (डब्ल्यूएपी एवं एसएमएस इनैबल्ड टेंडर्स पोर्टल)।

अधिशासी अभियन्ता-एम-III
आर.ओ. नं. 45/डीपीआई/पूर्वी/2019-20 शाहदरा (दक्षिण) जोन

पूर्वी दिल्ली नगर निगम का नागरिक हेल्पलाइन नं. : 155303

पूर्वी दिल्ली नगर निगम
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (पीआर)-II
शाहदरा दक्षिण जोन, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली-110092

निविदा आमंत्रण सूचना

एनआईटी सं.: ईडीएमसी/ईई(पीआर)-II/एसएच. (एस)/टीसी/2019-20/03 दिनांक: 05.09.2019

निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि : 19.09.2019 को अपरान्ह् 3.00 बजे तक
बोली तैयार करने तथा हैश जमा कराने की अंतिम तिथि : 19.09.2019 को अपरान्ह् 3.30 बजे
बोली बन्द होने की तिथि : 19.09.2019 को अपरान्ह् 3.30 बजे से सायं 6.00 बजे तक
ऑनलाइन बोली की री-इंक्रिप्शन की अंतिम तिथि : 19.09.2019 को सायं 6.00 बजे से 20.09.2019 को अपरान्ह् 3.00 बजे तक
वित्तीय बोली खुलने की तिथि : 20.09.2019 को अपरान्ह् 3.10 बजे

आयुक्त, ईडीएमसी की ओर से अधिशासी अभियन्ता (पीआर)-II शाहदरा दक्षिण द्वारा निविदा प्रपत्रों में दिये गये कार्यों के लिए ऑनलाइन प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र. सं.	कार्य का नाम	निविदा राशि (रु.)	धरोहर राशि (रु.)	निविदा का मूल्य (रु.)	निविदा संख्या
1.	एसी-55 शाह. (एस) जोन में वार्ड सं. 03-ई (211) में त्रिलोकपुरी में 36 ब्लॉक डीडीए मार्किट से म.नं. ई-41/10 तक सड़क का सुधार।	1,36,44,178/-	2,72,900/-	1,500/-	316201
2.	एसी-55 शाह. (एस) जोन में वार्ड सं. 04-ई (212) में न्यू अशोक नगर में एल.एच.एस. डीडीए खुली भूमि से उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दिल्ली सरकार तक सड़क का सुधार।	1,29,61,138/-	2,59,200/-	1,500/-	316202
3.	एसी-55 शाह. (एस) जोन में वार्ड सं. 02-ई (210) में त्रिलोकपुरी में म.नं. 25/231 से 19/30 तथा म.नं. 9/175 से 5/32 तक सड़क का सुधार।	1,42,71,218/-	2,85,400/-	1,500/-	316203
4.	एसी-55 शाह. (एस) जोन में वार्ड सं. 03-ई (211) में त्रिलोकपुरी में म.नं. 31/4 से म.नं. 31/481 तथा म.नं. 32/280 से म.नं. 32/232 और म.नं. 32/483 से म.नं. 32/28 तक सड़क का सुधार।	1,21,19,248/-	2,42,400/-	1,500/-	316204
5.	एसएसजेड में वार्ड सं. 14ई/एसी-58 लक्ष्मी नगर में 0 के प्रावधान द्वारा लवली पब्लिक स्कूल से म.नं. 1, ज्ञान कुंज, लक्ष्मी नगर तक मेन रोड का सुधार, विकास।	1,78,79,319/-	3,57,600/-	1,500/-	316205
6.	वार्ड सं. 15-ई/एसी-58 शाह. (एस) जोन में आरसीसी ड्रेन एवं आरएमसी के प्रावधान द्वारा न्यू पटपड़गंज रोड से गली नं. 5, एच-ब्लॉक तक मेन मार्किट रोड शकरपुर का सुधार, विकास।	1,81,32,026/-	3,62,650/-	1,500/-	316206
7.	पांडव नगर में वार्ड सं. 16-ई/एसी-58 शाह. (एस) जोन में आरएमसी के प्रावधान द्वारा समसपुर गाँव में सड़क एवं ड्रेन का सुधार, विकास।	69,97,160/-	1,39,950/-	1,000/-	316207
8.	एसी-57 शाह. (एस) जोन में मेन रोड पटपड़गंज मार्किट मयूर विहार फेज-I में आरसीसी मद के प्रावधान द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा से चर्च तक ड्रेनेज प्रणाली की रिमॉडलिंग एवं कवरिंग।	1,39,98,326/-	2,79,950/-	1,500/-	316208
9.	वार्ड सं. 15-ई/एसी-58, एसएसजेड में आरसीसी बॉक्स ड्रेन आरएमसी के प्रावधान द्वारा म.नं. डी-68 से म.नं. 90 शकरपुर खास के निकट तक विकास मार्ग से सड़क का सुधार, विकास।	4,01,76,891/-	8,03,550/-	2,000/-	316209
10.	वार्ड सं. 12-ई/एसी-57 शाह. (एस) जोन में डेन्स कारपेटिंग के प्रावधान द्वारा खुदीराम बोस मार्ग से ट्रांसफार्मर (दिल्ली पुलिस अपार्टमेंट के निकट) तथा हिन्दुस्तान अपार्टमेंट से फाइन होम अपार्टमेंट, मयूर विहार फेज-I तक सड़क का सुदृढ़ीकरण।	1,15,05,666/-	2,30,100/-	1,500/-	316210

लेखा शीर्षक : XL-VIII-S-IV (MSPY) क्र.सं. 1से 7 हेतु, XL-VIII-X (TYADB) क्र.सं. 8 से 10 हेतु; परिपूर्णन अवधि : 03 माह प्रत्येक, क्र. सं. 1 से 4 एवं 7 हेतु, 04 माह प्रत्येक, क्र.सं. 5, 6, 8 एवं 10 हेतु, 06 माह क्र.सं. 9 हेतु; दर वैधता अवधि : 06 माह प्रत्येक, उपरोक्त सभी कार्यों हेतु।

निविदा मूल्य तथा धरोहर राशि हेतु डिमाण्ड ड्राफ्ट कार्यालय एसई (पीआर-II)-शाह. दक्षिण, तृतीय तल, जोनल कार्यालय भवन, कड़कड़डूमा, दिल्ली-110092 में जमा करना होगा। विस्तृत एनआईटी निम्नलिखित वेबसाइट http://engineering.mcdetenders.com, (डब्ल्यूएपी एवं एसएमएस इनेबल्ड टेंडर्स पोर्टल) से अथवा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता (पीआर)-II
आर.ओ. नं. 46/डीपीआई/पूर्वी/2019-20 शाहदरा दक्षिण जोन

पूर्वी दिल्ली नगर निगम का नागरिक हेल्पलाइन नं. : 155303

ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स
(भारत सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट कार्यालयः प्लॉट नं. 5, सैक्टर - 32, इंस्टीट्यूशनल एरिया, गुरुग्राम - 122001

ई-निविदा सूचना

कॉरपोरेट कार्यालय भवन के फायर हाइड्रेंट सिस्टम और अग्निशमन सेवाओं के व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी) हेतु सेवा प्रदाता(ओं) को सूचीबद्ध करना

ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स, गुरुग्राम में अपने कॉरपोरेट कार्यालय भवन के फायर हाइड्रेंट सिस्टम और अग्निशमन सेवाओं के व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी) हेतु सेवा प्रदाता(ओं) को सूचीबद्ध करने के लिए ई-बोलियां अर्थात् ई-तकनीकी बोली तथा ई-वित्तीय बोली आमंत्रित करता है। विस्तृत जानकारी के लिए, तकनीकी बोली में यथानिर्दिष्ट पूर्व-योग्यता मानदंड पूर्ण करने वाले इच्छुक बोलीदाता बैंक की वेबसाइट **www.obcindia.co.in** तथा **www.tenderwizard.com/obc** साइट पर निविदा खंड में अपलोड किए गए निविदा दस्तावेज देख सकते हैं। **बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 30.09.2019 को अपराह्न 3.00 बजे है।**

दिनांक : 07.09.2019
स्थान : गुरुग्राम
उप महाप्रबंधक (सेवाएं)

शुद्धिपत्र

07.09.2019 को जनसत्ता (हिन्दी, दिल्ली संस्करण) में प्रकाशित **मैक्स हाइट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड** की 38वीं वार्षिक आम बैठक के विज्ञापन में 38वीं वार्षिक आम बैठक की तिथि सोमवार, 30 सितंबर, 2019 की बजाय सोमवार, 29 सितंबर, 2019 का उल्लेख हुआ था। अतः निवेदन है कि 38वीं वार्षिक आम बैठक की तिथि **सोमवार, 30 सितंबर, 2019** ही पढ़ा जाए। त्रुटि के लिए खेद व्यक्त किया गया है।

कृते **मैक्स हाइट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड**
हस्ता./-
नवीन नारंग
प्रबंध निदेशक
DIN: 00095708
स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 07.09.2019

संस्थागत वित्त, बीमा एवं वाह्य सहातित परियोजना महानिदेशालय, उ.प्र., 16-विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

''नीलामी सूचना''

संस्थागत वित्त, बीमा एवं वाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, 16-विधान सभा मार्ग, लखनऊ स्थित कार्यालय में निष्प्रयोज्य घोषित की गई सामग्री की नीलामी जो कि उपस्थित क्रेताओं के समक्ष जहां है जैसी है जिस स्थिति में है के आधार पर दिनांक 30-9-2019 को अपरान्ह 3:00 बजे की जायेगी। निष्प्रयोज्य सामग्री किसी कार्य दिवस में अपरान्ह 3:00 बजे से 5:00 बजे तक देखी जा सकती है। नीलामी निर्धारित तिथि व समय पर की जायेगी और नीलामी के पूर्व धरोहर के रूप में प्रत्येक भाग लेने वाले सदस्य को रु. 1000/- (रु. एक हजार मात्र) नकद जमा करने होंगे। किसी भी बोली को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने अथवा नीलामी स्थगित करने का अधिकार नीलामी समिति को होगा।

हस्ता./-
(राम कृष्ण)
संयुक्त निदेशक

UPID-143542 DATE 04/09/2019
WWW.UPGOV.NIC.IN

दिल्ली जल बोर्डः रा.रा. क्षेत्र दिल्ली सरकार
कार्यालयः कार्यपालक अभियंता (एसडीडब्ल्यू) II
एस.टी.पी. ओखला मथुरा रोड, नई दिल्ली-110025
प्रैस एनआईटी सं. 10/ एसडीडब्ल्यू-II (2019-20)

क्रम सं.	कार्य का विवरण	ईएमडी (आईएनआर में)	ई-प्रापण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा जारी की तिथि	ई-प्रापण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/ समय
1.	5 वर्षों के अनुरक्षण अनुबंध के साथ शोधित एफ्ल्युएन्ट के ऑनलाइन पैरामीटर्स को प्रदर्शित करने के लिए दिल्ली के विभिन्न एसटीपी'ज में आउटडोर एलईडी डिस्प्ले बोर्ड की आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण एवं प्रचालनारम्भ तथा अन्य समान कार्यों।	136000/-	2019-DJB-179701-1 तिथि 6.9.2019	21.9.2019 के 2.00 बजे अप. तक।

इस संदर्भ में सभी नियमों एवं शर्तों के अधिक विवरण वेबसाईट **https://govtprocurement.delhi.gov.in** पर देखें।

पी.आर.ओ. (जल) द्वारा जारी
विज्ञापन सं. जे.एस.वी. 2019-20/337
हस्ता./-
कार्यपालक अभियंता (एसडीडब्ल्यू) II

दिल्ली जल बोर्डः रा.रा. क्षेत्र दिल्ली सरकार
कार्यालयः कार्यपालक अभियंता (एनडब्ल्यू) II
एच- ब्लॉक, सेक्टर-15, रोहिणी, दिल्ली-110089
फोनः 27851040 (ईमेलः eenw2.djb@gmail.com)
नं. डीजेबी/ईई (एनडब्ल्यू) II/2019-20/5029
प्रैस एनआईटी सं. 27 (2019-20)
(प्रैस निविदा सूचना)

क्रम सं.	कार्य का विवरण	निविदा राशि	धरोहर राशि/निविदा शुल्क	ई-प्रापण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा जारी की तिथि	ई-प्रापण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय
1.	ईई/(एनडब्ल्यू) II के अंतर्गत एसी-06 रिठाला में बुध विहार फेज-II में शर्मा कॉलोनी में ओपी ब्लॉक से वीएक्स-ब्लॉक तक जलापूर्ति का सुधार	रु 3146348/-	रु. 63000/- रु. 500/-	5.9.2019 2019_DJB_179620_1	18.9.2019 के 3.00 बजे अप. तक
2.	ईई/(एनडब्ल्यू) II के अंतर्गत एसी-13 रोहिणी के सेक्टर-9 के जापानीज पार्क रोड पर प्लॉट न. 37 से 52 तक पेड़ों के नीचे गुजरने वाली पुरानी क्षतिग्रस्त 150 एम एम डाया एसी वाटरलाइन का सुधार।	रु 2319629/-	रु. 46400/- रु. 500/-	5.9.2019 2019_DJB_179623_1	18.9.2019 के 3.00 बजे अप. तक
3.	ईई/(एनडब्ल्यू) II के अंतर्गत एसी-13 रोहिणी में एच-ब्लॉक सेक्टर 15 के सीवरेज नेटवर्क का बी ब्लॉक सेक्टर 15 रोहिणी के पेरीफेरल सीवर लाइन में कनेक्शन ताकि पूरक ड्रेन में सीवरेज के बहाव को रोका जा सके।	रु 2618866/-	रु. 52400/- रु. 500/-	5.9.2019 2019_DJB_179624_1	18.9.2019 के 3.00 बजे अप. तक
4.	ईई/(एनडब्ल्यू) II के अंतर्गत एसी-13 रोहिणी में स्वर्ण जयंती पार्क रोड (एच.एल. परवाणा रोड) पर 350 एमएम डाया एसी वाटर लाइन का विस्थापन	रु 1869837/-	रु. 37400/- रु. 500/-	5.9.2019 2019_DJB_179626_1	18.9.2019 के 3.00 बजे अप. तक
5.	ईई/(एनडब्ल्यू) II के अंतर्गत एसी-06 रिठाला में प्लॉटिड एरिया ब्लॉक-जी, सेक्टर-16, रोहिणी में क्षतिग्रस्त सीवर मैन होल्स के ट्रेसिंग/ऊपर उठाने/मरम्मत द्वारा सीवरेज प्रणाली का सुधार	रु 1421692/-	रु. 28500/- रु. 500/-	5.9.2019 2019_DJB_179627_1	18.9.2019 के 3.00 बजे अप. तक
6.	ईई/(एनडब्ल्यू) II के अंतर्गत सेक्टर-20 रोहिणी के प्लॉटिड पॉकेट्स में आंतरिक सीवर लाइन का डिसिल्टिंग।	वस्तु दर	रु. 49300/- रु. 500/-	5.9.2019 2019_DJB_179635_1	18.9.2019 के 3.00 बजे अप. तक
7.	ईई/(एनडब्ल्यू) II के अंतर्गत सेक्टर 22, रोहिणी में पॉकेट 1 से 8 आंतरिक सीवर लाइन का डिसिल्टिंग।	वस्तु दर	रु. 49500/- रु. 500/-	5.9.2019 2019_DJB_179640_1	18.9.2019 के 3.00 बजे अप. तक
8.	ईई/(एनडब्ल्यू) II के अंतर्गत एसी-01, नरेला में ममूरपुर कृष्णा नगर कॉलोनी में डीआई वाटर लाइन का पी/एल	रु 3284900/-	रु. 65700/- रु. 500/-	5.9.2019 2019_DJB_179653_1	18.9.2019 के 3.00 बजे अप. तक
9.	ईई/(एनडब्ल्यू) II के अंतर्गत एसी-01 नरेला में सिंघोला गांव में 100/110 एमएम डाया वाटर लाइनों का स्थानांतरण।	रु 3731531/-	रु. 74700/- रु. 500/-	5.9.2019 2019_DJB_179658_1	18.9.2019 के 3.00 बजे अप. तक

इस संदर्भ में अधिक विवरणों के लिये https://govtprocurement.delhi.gov.in देखें।

पी.आर.ओ. (जल) द्वारा जारी
विज्ञा. सं. जे.एस.वी. 336/19-20
हस्ता./-
कार्यपालक अभियंता (एनडब्ल्यू) II

कार्यालय नगर निगम कोटा (राज.)
पताः सी.ए.डी. सर्किल दशहरा ग्राउण्ड, कोटा
ईमेलः nnkota@gmail.com, revenuemck@gmail.com
क्रमांकः- ननिको/राजस्व/2019/1416-26 दिनांक 06.09.2019

ई-निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दादाबाड़ी बैडमिन्टन हॉल संचालन पंजीकृत क्लब, खेल संस्था, सामाजिक विकास से जुड़ी संस्थान के माध्यम से कराये जाने हेतु दो वर्ष 2019-20 से 2020-21 (कार्यादेश से दो वर्ष तक) के लिये ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। इस हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म/ऐजेन्सी निविदा प्रपत्र एवं शर्तें नगर निगम की वेबसाईट www.kotamc.org.com एवं http://sppp.rajasthan.gov.in तथा https://eproc.rajasthan.gov.in से देख एवं डाउनलोड कर सकते हैं। साथ ही निर्धारित धरोहर राशि एवं निविदा शुल्क का डी.डी. आयुक्त नगर निगम कोटा के नाम तथा प्रोसेसिंग फीस रु. 500/- का डी.डी. ''मैनेजिंग डायरेक्टर'' आर.आई.एस.एल. जयपुर के नाम दिनांक 16.09.2019 तक सायं 4.00 बजे तक राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा के कमरा नं. 307 में पहुंच जाना चाहिए। उक्त निविदायें नियत तिथि को ऑनलाईन खोली जावेगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	निविदा शुल्क	निविदा अमानत राशि	आरक्षित राशि	ऑनलाईन निविदा प्रपत्र मिलने एवं ऑनलाईन निविदा जमा कराने की दिनांक	अपेक्षित डी.डी. जमा कराने की दिनांक	ऑनलाईन निविदा की तकनीकी बिड खोलने की दिनांक
1	दादाबाड़ी बेडमिन्टन हॉल (तीन कोर्ट) संचालन एवं संधारण का कार्य (Operation and Maintenance Model)	1500	24000	1200000	07.09.2019 से 15.09.2019 तक	16.09.2019 सायं 03.00 बजे	17.09.2019 सायं 04.00 बजे

आवश्यक शर्तें:
1. प्रार्थना-पत्र पर पास पोर्ट साईज का फोटो स्वहस्ताक्षरित प्रस्तुत करना होगा तथा संस्था का प्रमाण पत्र की प्रति भी संलग्न करनी होगी। 2. प्रार्थना -पत्र पर संस्था के अधिकृत व्यक्ति का पता स्वः प्रमाणित होना चाहिए। जिसकी पुष्टि स्वरूप नल, बिजली-टेलिफोन बिल, मतदाता सूची, ड्राईविंग लाईसेंस में से एक प्रति तथा पेन कार्ड व आधार कार्ड की प्रति संलग्न करनी अतिआवश्यक होगी। 3. प्रार्थना-पत्र के साथ पुलिस विभाग से प्राप्त चरित्र प्रमाण-पत्र जो छः माह से पुराना नहीं हो प्रस्तुत करना आवश्यक है। 4. निविदा अथवा उसके किसी भाग को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार नगर निगम कोटा में निहित होगा। 5. उच्चतम बोलीदाता ठेका स्वीकृत होने पर ठेके की 1/4 राशि मौके पर जमा करनी होगी। शेष 3/4 राशि 30 दिवस में जमा करानी होगी। 6. तकनीकी बिड में संवेदकों की ही वित्तीय बिड प्रशासनिक स्वीकृति के उपरान्त ही खोली जावेगी। 7. अन्य शर्तें निविदा प्रपत्र के अनुसार होगी जो किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में निगम कार्यालय में देखी जा सकती है।

उपायुक्त (राजस्व), नगर निगम कोटा

विदेशी मुद्रा भंडार 44.6 करोड़ डॉलर घटा

मुंबई, 7 सितंबर (भाषा)।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में कमी आने से 44.6 करोड़ डॉलर घटकर 428.60 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी ताजा आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। इससे पूर्व सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.45 अरब डॉलर घटकर 429.05 अरब डॉलर रह गया था।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 30 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.124 अरब डॉलर घटकर 396 अरब डॉलर रह गई। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान देश का स्वर्ण भंडार 68.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 27.55 अरब डॉलर पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ विशेष आहरण अधिकार 1.433 अरब डॉलर रहा। इसमें देश का आरक्षित मुद्रा भंडार 50 लाख डॉलर की मामूली गिरावट के साथ 3.617 अरब डॉलर रह गया।

SpiceJet
स्पाइस जेट लिमिटेड
CIN:L51909DL1984PLC288239
पंजी. कार्यालयः इन्दिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, टर्मिनल 1डी, नई दिल्ली-110037
वेबसाईटः www.spicejet.com; ई-मेलः investors@spicejet.com; टेलीः +91 124 3913939; फैक्सः +91 124 393844

सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि:

1. कम्पनी की 35वीं वार्षिक साधारण सभा (''एजीएम'') सोमवार, 30 नवम्बर, 2019 को 4.00 बजे अप. में पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, पीएचडी हाउस, 4/2, सिरी इंस्टीच्यूशनल एरिया, अगस्त क्रान्ति मार्ग, नई दिल्ली-110016 में आयोजित की जायेगी जिसमें एजीएम की सूचना में वर्णित व्यवसायों को निष्पादित किया जायेगा।
2. एजीएम की सूचना तथा वित्त वर्ष 2018-19 के वार्षिक रिपोर्ट का इलेक्ट्रॉनिक सम्प्रेषण ऐसे सदस्यों को कर दिया गया है जिनके इमेल आईडी कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेन्ट्स के पास पंजीकृत हैं तथा इन दस्तावेजों की भौतिक प्रति अन्य सभी सदस्यों को स्वीकृत पद्धति में भेज दी गई है जिसका प्रेषण 6 सितम्बर, 2019 को पूरा कर लिया गया है। एजीएम की सूचना के साथ वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट अर्थात् www.spicejet.com के निवेशक खंड में तथा मै. कार्वी फिनटेक प्राईवेट लिमिटेड (कार्वी) की वेबसाईट अर्थात् https://evoting.karvy.com पर भी उपलब्ध है।
3. कम्पनी (प्रबंध तथा प्रशासन) नियमावली, 2014, यथा-संशोधित के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के अनुपालन में यह कम्पनी एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट व्यवसायों पर मतदान करने के लिये अपने सदस्यों को ई-वोटिंग सुविधा उपलब्ध करा रही है। ई-वोटिंग के विस्तृत निर्देशों के लिये सदस्यों से अनुरोध है कि एजीएम की सूचना देखें। किसी प्रकार की पूछताछ के लिये सदस्य शेयरधारकों के लिये Frequently Asked@Questions (FAQ's) तथा http://evoting.karvy.com के डाउनलोड खंड में उपलब्ध शेयरधारकों के लिये ई-वोटिंग यूजर मैन्युअल देखें अथवा श्रीमती सी शोभा आनंद, उप महा प्रबंधक, कार्वी से ईमेल helpdesk at evoting@karvy/com के माध्यम से या टेली नं. 18003454001 पर या कार्वी सेलेनियम टावर बी, प्लॉट नं. 31-32, गाचीबावली, फाइनांसियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, हैदराबाद-500032 में सम्पर्क करें।
सदस्यों को सूचित किया जाता है कि: क) ई-वोटिंग अवधि गुरुवार, 26 सितम्बर, 2019 को 9.00 बजे पूर्वा. में शुरु होगी तथा रविवार, 29 सितम्बर, 2019 को 5.00 बजे सायं में बंद होगी। उक्त तिथि एवं समय के बाद ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जायेगी तथा उक्त अवधि की समाप्ति पर कार्वी द्वारा ई-वोटिंग पद्धति निष्क्रिय कर दी जायेगी। ख) कट-ऑफ तिथि अर्थात् 23 सितम्बर, 2019 को भौतिक पद्धति या डीमैट रियलाइज्ड पद्धति में शेयर धारित करने वाले सदस्य ई-वोटिंग द्वारा अथवा एजीएम में मतदान के माध्यम से अपना मतदान करने के लिये अधिकृत होंगे। ग) जिन सदस्यों ने ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान नहीं किये हो वे एजीएम स्थान पर अपना पोल द्वारा मतदान कर सकते हैं। घ) ई-वोटिंग द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग कर लेने के बाद भी कोई सदस्य एजीएम में शामिल हो सकते हैं लेकिन, एजीएम में फिर से मतदान करने के लिये वे अधिकृत नहीं होंगे तथा ङ) यदि कोई सदस्य एजीएम की सूचना के प्रेषण के बाद कम्पनी का शेयर अर्जित करते हैं तथा कम्पनी का सदस्य बनते हैं तथा कट-ऑफ तिथि अर्थात् 23 सितम्बर, 2019 को शेयर धारित करते हैं, वे ई-वोटिंग के लिये एजीएम सूचना में वर्णित प्रक्रिया का अनुसरण करें अथवा यूजर आईडी तथा पास्वर्ड प्राप्त करने के लिये evoting@karvy.com पर कार्वी को ईमेल करें। लेकिन, यदि आप ई-वोटिंग के लिये कार्वी में पहले से पंजीकृत हों तो अपना मतदान करने के लिये आप अपने वर्तमान यूजर आई डी तथा पास्वर्ड का प्रयोग कर सकते हैं।
4. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 तथा उसके अंतर्गत निर्मित लागू होने वाले नियमों के साथ पठित सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन पर के अनुपालन में सदस्यों के रजिस्टर तथा कम्पनी की शेयर अंतरण पुस्तकें कम्पनी की 34वीं एजीएम के उद्देश्य से 24 सितम्बर, 2019 से 30 सितम्बर, 2019 (दोनों दिवस सहित) तक बंद रहेंगे।

स्पाइसजेट लिमिटेड के लिये
हस्ता./-
चन्दन सैंड
वरि. बी.पी. (लीगल) एवं कम्पनी सचिव
स्थानः गुरुग्राम
तिथिः 6 सितम्बर, 2019

देश को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में राज्यों की होगी अहम भूमिकाः कांत

नई दिल्ली, 7 सितंबर (भाषा)।

नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत ने शनिवार को कहा कि भारत को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में राज्यों को अपनी नीतियों में संरचनात्मक बदलाव कर आर्थिक वृद्धि तेज करने की बड़ी भूमिका निभानी होगी।

उद्योग मंडल पीएचडीसीसीआइ द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कांत ने कहा कि राज्यों को मिलकर काम करना होगा और एक-दूसरे से सीखना होगा ताकि भारत का तेजी से कायाकल्प हो सके। कांत ने कहा कि हाल के दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन बातों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, उनमें से एक 2024 तक भारत को पांच हजार अरब और 2030 तक 10,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य भी है। इसलिए हमारी चुनौती वास्तव में यह है कि भारत के लिए इस लक्ष्य को हासिल करना तब तक संभव नहीं होगा जब तक कि राज्यों के पास अपनी जीडीपी को दोगुना-तिगुना करने का लक्ष्य नहीं होगा। इसके लिए उन्हें बड़े संरचनात्मक सुधार करने होंगे। इन सुधारों को व्यापक रूप से विभिन्न क्षेत्रों में करना होगा।

भारतीय अर्थव्यवस्था अभी अनुमानित 2,700 अरब डॉलर की है। केंद्र सरकार ने अगले कुछ वर्षों में भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कई उपायों और पहल की घोषणा की है। पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआइ) ने भारत के संघीय ढांचे को मजबूत करने और 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में उनका योगदान बढ़ाने के लिए उन्हें और अधिकार संपन्न बनाने के मिशन के साथ 'राज्यों की नीति विषय पर सम्मेलन-2019' का आयोजन किया था।

झारखंड सरकार
ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा0का0मा0) मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, रांची

ई- निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा संख्या- 127/2019-20/RDD(RWA)/RANCHI दिनांक :- 05.09.2019

मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग(ग्रा0का0मा0), झारखंड, रॉंची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)		कार्य समाप्ति की तिथि
			अंक में	अक्षर में	
1.	RDD(RWA)/RANCHI/21/2019-20	सिल्ली बन्ता पथ (घाटद्वार) से बन्ता भाया कोका लागाम चोकेसेरंग बासुडीह तक पथ मरम्मति कार्य (लं- 7.150 कि0मी0)	1,46,20,400.00	एक करोड़ छियालीस लाख बीस हजार चार सौ रू0 मात्र	25 दिसम्बर 2019

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः- 16.09.2019
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः- 26.09.2019 अपराहन 5.00 बजे।
4. जिला नियंत्रण कक्ष, रांची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथिः- 27.09.2019 पूर्वाहन 10.00 बजे से अपराहन 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः- 30.09.2019 पूर्वाहन 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः- मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग(ग्रा0 का0 मामले), झारखंड, रांची, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, रांची।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0- 0651-2207818
8. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग(ग्रा0 का0 मामले), कार्य प्रमंडल, रांची के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई-प्रोक्युर्मेन्ट सेल

PR 216278 (Rural Work Department)19-20#D

बूंद - बूंद नहीं बरसेंगे तो बूंद को तरसेंगे